हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 21 जनवरी 2026

06 विराट हिंदू सम्मेलन में धर्म गुरूओं ने दिया ...



07 माता-पिता की देखभाल करना ही जीवन की सबसे बड़ी...





## खबर संक्षेप

### 26 जनवरी को विदिशा में रहेगा शुष्क दिवस

**विदिशा।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विदिशा जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले में किसी भी प्रकार की मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। शुष्क दिवस के दौरान जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं वाइन शॉप्स बंद रहेंगी। साथ ही देशी मदिरा भंडागारों से मदिरा का परिवहन भी निषिद्ध रहेगा। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। आदेश का पालन कराने के लिए पुलिस एवं आबकारी अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

### सीसी सड़क के निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**शमशाबाद।** शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवखजूरी में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। लगभग 1.15 करोड़ रुपए की लागत से होगा गुणवत्ता पूर्ण सड़क का निर्माण। इस अवसर पर विदिशा जनपद पंचायत के अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य तखत सिंह, नटेरन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी सहित मंडल देवखजूरी के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### मंदिर में भागवत कथा का शुभारंभ

**विदिशा।** आज्ञाराम कॉलोनी स्थित शिवशक्ति धाम मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का संगीतमय आयोजन चल रहा है। पंडित अभिषेक कृष्ण भार्गव भागवत का भाव और प्रवचन के माध्यम से सुना रहे हैं। कथा सुनने के लिए श्रद्धालु दोपहर 2 बजे से पहुंच जाते हैं। यह कथा 25 जनवरी तक चलेगी। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### पाइपलाइन टेस्टिंग कर कनेक्शन देना शुरू किया

**विदिशा।** लटेरी तहसील के ग्राम तीतरबर्री में पेयजल व्यवस्था को की पाइपलाइन की टेस्टिंग कर कनेक्शन दिए जा रहे हैं। अब तक ग्राम में कुल 55 एफएचटीसी कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ ही लगभग 300 मीटर लंबाई में रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया जाना है,यह काम 7 दिन में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

**विदिशा।** संयुक्त कलेक्टर मोहनी शर्मा ने जिले के समस्त तहसीलदारों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व वसूली की वर्तमान स्थिति को असंतोषजनक बताते हुए सुधार पर जोर दिया। संयुक्त कलेक्टर ने निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### नटेरन की पंचायतों में पहुंचा कृषि रथ

**विदिशा।** राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि वर्ष 2026 के शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में विदिशा जिले के विकासखंड नटेरन की ग्राम पंचायतों में कृषि रथ कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। ग्राम साढ़ेर में आयोजित कृषि रथ कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि की दिशा में जागरूक किया गया।

## 125 वर्ष प्राचीन रामलीला की राम बारात आज निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा की ऐतिहासिक 125 वर्ष प्राचीन रामलीला की राम बारात आज शहर में भव्य तरीके से निकाली जाएगी। पूरा शहर भी इस रात बारात को देखने के लिए उत्साहित है।

आज बुधवार को रामबारात की भव्य शोभायात्रा शाम 4 बजे स्टेशन स्थित शिवालय से प्रारंभ होगी। इस बार भगवान श्रीराम की बारात को और भी भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। राम बारात में कई बैंड और दर्जनों की संख्या में ढोल ताशे शामिल किए जाएंगे। इस साल रामलीला का 125वां वर्ष होने के कारण मेला परिसर को भगवामय कर दिया गया है। मेले में इस बार कई अलग अलग प्रकार के झूले भी आए हैं जो शहरवासियों को पहली बार देखने मिलेंगे। श्रीराम लीला के प्रधान संचालक एवं समिति के पदाधिकारीयों ने सभी श्रद्धालुजनों से श्री राम बारात के लिए स्वागत द्वार लगाने एवं फूल मालाओं से स्वागत कर धर्मलाभ लेने का आव्हान किया है।



### धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला हुई

मंगलवार को रामलीला में धनुष यज्ञ एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला का मंचन किया गया। मुनि विश्वामित्र राम-लक्ष्मण के साथ जनकपुरी आते हैं। यहां गुरु की आज्ञा से राम-लक्ष्मण जनकपुर देखने जाते हैं। नगर की शोभा देखकर दोनो भाई अति प्रसन्न हो जाते हैं। जनकजी विश्वामित्रजी के आगमन का समाचार सुनकर उनसे मिलने पहुंचती हैं और राम-लक्ष्मण के रुप को देखकर मोहित हो जाती हैं एवं विश्वामित्रजी से उनका परिचय जानती हैं। मुनि महाराज की पूजन के लिए श्रीराम-लक्ष्मण जब पुष्प वाटिका में पुष्प लेने जाते हैं तब वही जानकी जी अपनी कुलदेवी की पूजन करने आती हैं। तब राम-लक्ष्मण जी से उनकी भेंट होती है। जानकी जी भगवती मां पार्वती जी से वर मांगती हैं कि मुझे श्रीराम जी जैसा वर मिले। गुरुजी दोनों राजकुमारों को लेकर यज्ञशाला में आते हैं। इधर सभा मंडल में जनक जी घोषणा करते हैं कि जो राजा शिव धनुष को तोड़ेगा उसे बिना विचारे जानकी जी विवाही जाएंगी। रावण एवं वाणासुर भी यज्ञ शाला में आते हैं। उनसे धनुष हिलेगा भी नहीं तो बहाना बनाते हैं कि लंका में कुछ गड़बड़ है हमें जाना है और दोनों महारथी लंका वापस चले जाते हैं।

## सेऊ में रावण दहन हुआ

**नटेरन।** सेऊ ग्राम में आयोजित ऐतिहासिक रामलीला मेले के अंतर्गत रावण दहन की लीला को देखने हजारों की संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे। लगभग 80 वर्षों से चली आ रही सेऊ की प्रसिद्ध चलित रामलीला* में इस वर्ष भी भगवान राम और रावण के बीच भीषण युद्ध का भव्य मंचन किया गया। कथा के अनुसार जब नारायण वध का समाचार रावण को मिला तो वह क्रोधित होकर स्वयं राम दल से युद्ध के लिए मैदान में उतरा। राम और रावण की सेनाओं के बीच हुए संग्राम के बाद भगवान राम द्वारा अग्निबाण से रावण का वध किया गया। इसके पश्चात 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया, जिसमें आकर्षक आतिशबाजी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे प्रांगण में जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे। रावण वध के दिन करीब 5 हजार से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे मेला परिसर खचाखच भरा रहा।



### डेढ़ साल से जनसुनवाई में चक्कर लगा रहे दिव्यांग का फूटा आक्रोश

# कुटीर की राशि नहीं मिलने से परेशान दिव्यांग आवेदक ने जनसुनवाई में खुद पर पेट्रोल डाला



विदिशा। जनसुनवाई के दौरान हितग्राहियों की समस्याएं सुनते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब पथरिया गांव से आए दोनों पैरों से दिव्यांग ज्ञान सिंह आदिवासी ने अपनी समस्याओं का समाधान न होने से आहत होकर खुद पर पेट्रोल डाल लिया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग लगाने से पहले ही उसे पकड़ लिया।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम क्षितिज शर्मा जनसुनवाई स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ज्ञान सिंह से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवेदन लेकर पूरे मामले की जांच तथा कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञान सिंह आदिवासी ने बताया कि वह डेढ़ साल से अपनी समस्याओं को लेकर लगातार जनसुनवाई में आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि वह और उनकी मां द्रोपदी बाई दोनों ही दिव्यांग हैं। उनकी मां द्रोपदी बाई को मिलने वाली पेंशन जाति प्रमाण पत्र से जुड़े विवाद के चलते खाते पर रोक लगने से बंद हो गई है। इस कारण परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। ज्ञान सिंह के अनुसार वर्ष 2024 में तत्कालीन एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा उनका जाति प्रमाण पत्र बनाया था। इसी आधार पर उन्हें प्रधानमंत्री कुटीर योजना का लाभ मिला और मकान का निर्माण भी शुरू हो गया।

वर्ष 2025 में अज्ञात कारणों से यह जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया गया, जिसके बाद कुटीर योजना की राशि भी बंद हो गई और उनका मकान अधूरा रह गया। बार-बार आवेदन और निवेदन के बावजूद कोई सुनवाई न होने से मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान ज्ञान सिंह ने यह आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया।

### एसपी ने सुनी समस्याएं, 25 से अधिक शिकायतों का निराकरण



विदिशा। कार्यालय में समस्याएं सुनते हुए एसपी रोहित काशवानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

*एसपी कार्यालय में भी हर मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इस मंगलवार को जन सुनवाई में एसपी रोहित काशवानी ने 25 से अधिक आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।*

*जन सुनवाई के दौरान प्राप्त अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए। जन सुनवाई में पारिवारिक विवाद, भूमि संबंधी मामले, धोखाधड़ी, साइबर अपराध एवं अन्य जन समस्याओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक आवेदन पर व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। श्री काशवानी ने कहा कि जनसुनवाई आमजन की समस्याओं को सीधे समझने और उनका समाधान करने का प्रभावी माध्यम है। विदिशा पुलिस सेवा, सुरक्षा और विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी व संवेदनशील पुलिसिंग के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

### शंकराचार्य से दुर्व्यवहार, पुजारी महासभा का प्रदर्शन

## प्रयागराज माघ मेले की घटना पर भड़के धार्मिक संगठन, सार्वजनिक माफी की उठी मांग



विदिशा। मध्यप्रदेश प्रांतीय पुजारी महासभा ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मध्यप्रदेश प्रांतीय पुजारी महासभा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के साथ कथित दुर्व्यवहार और मारपीट के विरोध में दिया गया। यह घटना प्रयागराज माघ मेले के दौरान हुई थी।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रयागराज माघ मेले में प्रशासन द्वारा सनातन धर्म के सर्वोच्च पद पर आसीन शंकराचार्य के साथ किया गया व्यवहार निंदनीय है। आरोप है कि इस दौरान उनके शिष्यों के साथ मारपीट की गई और उनकी शिखा पकड़कर घसीटा गया। संगठनों ने इसे पूरे सनातन समाज का अपमान बताया है।

#### दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग

पुजारी महासभा, ब्राह्मण विकास परिषद, सनातन धर्म रक्षा परिषद और रघुवंशी समाज सहित कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। ज्ञापन में साधु-संतों के सम्मान की रक्षा करने और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की भी मांग की गई।
वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि माघ मेले जैसे पवित्र आयोजन में साधु-संतों पर हमला 'घोर पाप' है और ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए।

### हिंदू सम्मेलन में हुई भारत माता की आरती

**शमशाबाद।** सूर्यनगर खंड अंतर्गत बिछिया मंडल केंद्र पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री त्रिमूर्ति बालाजी मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रचारक विशाल सिंह ने समाज को संगठित रहने, स्वदेशी अपनाने तथा पंच परिवर्तन पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, सामाजिक समरसता एवं स्व के भाव को जीवन में उतारने का आह्वान किया। भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पुलिस ने शातिर चोर दबोचा 1.5 लाख का माल बरामद

25 से अधिक कैमरे खंगालकर चोर तक पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली पुलिस ने बाजार से चोरी हुए बैग के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सोने-चांदी के आभूषण व कपड़ों सहित लगभग 1.5 लाख का माल बरामद कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। 19 जनवरी को फरियादिया सावित्री अहिरवार निवासी पिपलिया सलामतपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अस्पताल के सामने खड़ी उनकी गाड़ी से अज्ञात व्यक्ति बैग चोरी कर ले गया, जिसमें कीमती गहने और कपड़े थे।

शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और चोर की तलाश शुरू की। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में गठित टीम ने 25 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपी विशाल विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया।

### वेयरहाउस से 60 बोरी गेहूं चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा, 4 गिरफ्तार

**विदिशा।** सत्य वेयर हाउस से गेहूं चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की 60 बोरी गेहूं तथा एक टीवीएस अपाचे बाइक जब्त की है। 7 जनवरी को सत्य वेयर हाउस के मालिक वैभव राठी द्वारा थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अहमदपुर रोड स्थित उनके वेयर हाउस का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 60 बोरी गेहूं चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने 70 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच, मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## जनसुनवाई में पहुंचते ही सुलझा मामला निचले अमले की कार्यशैली पर उठे सवाल

### यूरिया बुक कराने के बावजूद किसान बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी को खाद नहीं मिली थी

निचले स्तर पर समाधान न होने से अफसरों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭नटेरन

रबी फसल के लिए चार महीने पहले 22 अक्टूबर 2025 को प्राथमिक सेवा सहकारी समिति नटेरन में यूरिया बुक कराने के बावजूद किसान बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी को खाद नहीं मिल सकी। खाद के लिए किसान को सोसायटी, तहसील जनसुनवाई, डीडीए कार्यालय और 181 सीएम हेल्पलाइन तक भटकना पड़ा। हैरानी की बात यह रही कि जैसे ही मामला जिलास्तर की जनसुनवाई में पहुंचा, तुरंत समाधान की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस घटना ने निचले स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ई-विकास प्रणाली में बुकिंग, टोकन और रिकॉर्ड उपलब्ध होने के बावजूद समय पर वितरण नहीं किया गया। किसान का कहना है कि यूरिया न मिलने से गेहूं की फसल प्रभावित हुई और आर्थिक नुकसान हुआ।

सवाल यह है कि क्या निचले स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और क्या किसानों की समस्याएं जिला जनसुनवाई तक पहुंचे बिना सुलझेंगी, या फिर जनसुनवाई केवल भीड़ का मंच बनकर रह जाएगी।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

## अंतिम दिन कबड्डी, रस्साकशी, क्रिकेट स्पर्धाएं हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्टेडियम में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के समस्त विकासखंडों से चयनित टीमों ने सहभागिता की।

प्रतियोगिता के दौरान वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, खो-खो, पिट्टू, बास्केटबॉल, शतरंज एवं क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। अंतिम दिन कबड्डी, रस्साकशी, योगासन एवं क्रिकेट स्पर्धाएं हुईं। बालक वर्ग कबड्डी में विदिशा विजेता एवं गंजबासौदा उपविजेता रहा। रस्साकशी में विदिशा तथा क्रिकेट में भी विदिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में कबड्डी में बासौदा, रस्साकशी में नटेरन एवं क्रिकेट में विदिशा विजेता रही। योगासन प्रतियोगिता में शाशा पाटकर, नित्य लखेरा, रितु यादव, अंशिका राजोरिया, दक्ष तोमर, दर्शित सिंह राणा एवं गगन अहिरवार विजेता रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव एवं जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। विजेता टीमें भोपाल में होने वाले संभाग स्तरीय आयोजन में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।



## सांसे उखड़ने से पहले दिए बयान आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

कुरवाई क्षेत्र में घटित एक जघन्य हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने मृतिका के मरणासन्न कथन को निर्णायक साक्ष्य मानते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पीड़िता सुनीता अहिरवार ने अपने मृत्युकालिक कथन में स्पष्ट रूप से बताया था कि आरोपी रमेश अहिरवार ने उसके ऊपर केरोसिन का तेल डालकर आग लगा दी।

घटना 25 मार्च 2023 की है, जब अस्पताल कुरवाई से थाना कुरवाई को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अखाई निवासी सुनीता अहिरवार 80 प्रतिशत जली हुई अवस्था में भर्ती है तथा उसके शरीर से केरोसिन की दुर्गंध आ रही है। पीड़िता उस समय होश में थी। तहसीलदार के निर्देश पर नायब तहसीलदार पारूल चौधरी द्वारा पीड़िता का मरणासन्न कथन दर्ज किया गया, जिसमें उसने आरोपी का नाम स्पष्ट रूप से लिया।

इलाज के दौरान 29 मार्च 2023 को पीड़िता की मृत्यु हो जाने पर प्रकरण में धारा 302 जोड़ी गई। विवेचना पूर्ण होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से एजीपी राघवेन्द्र सिंह दांगी ने प्रभावी पैरवी की।

## खबर संक्षेप

### कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य रहा बंद

**गंजबासौदा।** मंगलवार को कृषि उपज मंडी में डाक नीलामी बंद रही। यह निर्णय शहर में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के कारण लिया गया। सम्मेलन में नगरवासियों के साथ-साथ कृषि उपज मंडी के व्यापारी और हम्माल, मजदूरों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मंडी प्रशासन ने नीलामी बंद रखने का फैसला किया था। मंडी प्रशासन ने किसानों को सूचित करने के लिए मंडी परिसर में घोषणा भी कराई। सामान्यतः ऐसे आयोजनों में डाक नीलामी प्रभावित नहीं होती, लेकिन इस बार व्यापारियों और हम्मालों की व्यापक भागीदारी के कारण नीलामी प्रक्रिया संचालित करना संभव नहीं हो सका।

### निर्माणाधीन सीसी सड़क में ट्रक का पहिया धंसा



**गंजबासौदा।** मंगलवार को सुबह के समय बरेठ रोड पर भावसार पुलिया के पास ठेकेदार द्वारा सड़क के किनारे छोड़ी गई खाली जगह में सीसीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान एक किराना दुकानदार की दुकान पर खाद्य सामग्री लेकर लोडिंग ट्रक आया। जिसे दुकान के पास तक ले जाने के दौरान एक दिन पहले डाली गई सीसी में ट्रक का पहिया धंस गया। जिसके बाद दुकानदार ने धंसी स्थिति में ट्रक से सामग्री उतरवाई जिसके बाद ट्रक को बाहर निकाला गया। इस दौरान आवागमन के समय जाम की स्थिति निर्मित हुई। दो पहिया,चार पहिया एवं अन्य वाहन चालक परेशान हुए।

### सुभाष निकेतन में पुरस्कार वितरण आज

**गंजबासौदा।** नगर के सुभाष निकेतन हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में बुधवार को सुबह 10.30 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष कांतिभाई शाह होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ परता अहिरवार करेंगे एवं विशेष अतिथि के रुप में शासकीय गुलाबगंज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता उपस्थित रहेंगे। विद्यालयीन परिवार ने गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 जनवरी को

**गंजबासौदा।** जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाय योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह, निकाय कार्यक्रम का आयोजन 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

### पनप रहे मच्छर

**गंजबासौदा।** पचमा बायपास मार्ग पर नाला निर्माण के लिए खोदे गए नाले में पानी एकत्रित होने से मच्छर आदि पनप रहे हैं।

# न्यायाधीश ने जुर्माने के साथ सुनाई चार सगे भाईयों को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि राकेश कुमार ठाकुर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गंजबासौदा ने एक प्रकरण में आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तू कुशवाह, सुनील कुशवाह, रामेश्वर उर्फ गोलू कुशवाह, मोहरसिंह कुशवाह निवासी बामौरी हसनपुर थाना गुलाबगंज जिला विदिशा को भादंवि की धारा 302 सहपठित धारा 34 में आजीवन कारावास एवं 5000-5000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। फरियादी हिम्मत सिंह मैना ने थाना गुलाबगंज उपस्थित होकर बताया कि दिनांक 6.5.2023 की रात्रि लगभग 10 बजे वह अपने घर के ऊपर वाली अटारी पर था। तभी पत्नी ने बताया कि घर के पीछे वाली गली में लड़ाई झगड़े की आवाज आ रही है, मैंने घर के पीछे छज्जा पर से जाकर देखा कि ताऊ के लड़के छत्रपाल उर्फ सतपाल मैना के साथ गांव के ही रहने वाले आरोपीगण सुनील कुशवाह कुल्हाड़ी से, जितेन्द्र उर्फ जित्तू कतरना से, मोहरसिंह कुल्हाड़ी से, रामेश्वर उर्फ गोलू डंडे से बेरहमी से मारपीट करते हुए गाली, गलौंज कर रहे थे। उसी समय चिल्लाचोट की आवाज सुनकर चाचा के लड़के पर्वतसिंह, भगवान सिंह मैना आ गये तो आरोपीगण मारपीट कर भाग गये। इस हमले में सतपाल की मौत हो गई थी। उक्त घटना के फरियादी हिम्मतसिंह द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर धारा 302, 294, 34 भादंवि के तहत मामला दर्ज किया गया।

प्रकरण में अनुसंधान तथा घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त किये गये। तत्पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अभियोजन चक्षुदर्शी साक्ष्य पश्चात दोनों पक्षो के अंतिम तर्क हुये जिसमें अपर लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह राजपूत के तर्कों से सहमत होकर एवं प्रकरण में आए साक्ष्य से सहमत होते हुये न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गंजबासौदा ने सत्र प्रकरण में आरोपीगणों को आजीवन कारावास एवं 5000-5000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। उक्त अभियोजन साक्षियों पर नियंत्रण एवं तत्परता से समंस वारंट जारी करने का कार्य कोर्ट मोहर्रिर रीतेश तिवारी का सहारनीय कार्य रहा।

## हिंदुत्व नारे नहीं, बल्कि आचरण, चरित्र और सेवा से प्रकट होता है: जगतगुरू डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती


# विराट हिंदू सम्मेलन में धर्म गुरूओं ने दिया समरसता, संगठन और संस्कार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर मंगलवार को सनातन चेतना और सामाजिक समरसता के रंग में पूरी तरह रंगा नजर आया। नगर में आयोजित हुए विराट हिंदू सम्मेलन के अवसर पर निकली शोभायात्रा, समरसता भोज और जगद्गुरु के संदेश ने पूरे शहर को एक सूत्र में बांध दिया। जगतगुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज यदि जाति, पंथ और क्षेत्रवाद में बंटा रहेगा तो न समाज सुरक्षित रहेगा और न ही राष्ट्र। हिंदुत्व नारे नहीं, बल्कि आचरण, चरित्र और सेवा से प्रकट होता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति भेदभाव नहीं सिखाती, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाने की प्रेरणा देती है। भगवान श्रीराम द्वारा शबरी के बेर स्वीकार करना और निषादराज को अपनाना इसी परंपरा का प्रतीक है। जगतगुरु जी ने कहा कि 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार ने चेताया था कि जातियों और मतों में बंटा समाज कमजोर हो जाता है। समाज की शक्ति संगठन, समरसता और संस्कारों में है। मलिन बस्तियों में जाकर, कमजोर वर्ग के साथ बैठकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनना ही सच्चा हिंदुत्व है। देश की बलिदानी परंपरा का स्मरण करते हुए संत राजाराम मस्ताना जी ने गुरु गोबिंद सिंह के त्याग और भगत सिंह के बलिदान का उल्लेख किया। कहा गया कि हिंदू समाज तभी सुरक्षित रहेगा जब वह संगठित, जागरूक और चरित्रवान रहेगा। संत राजाराम मस्ताना ने कहा कि जब हिंदू समाज संगठित रहेगा, तभी यह देश सुरक्षित रहेगा। समाज को आपसी मतभेद भुलाकर साझा विरासत और संस्कृति को मजबूत करना होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला विभाग प्रचारक सौरभ सिंह ने कहा कि हिंदू समाज को अपने पूर्वजों को याद करना चाहिए, जिन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे वंश तक का बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसका संगठन है। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण इस बात का प्रमाण है कि जब हिंदू समाज संगठित होता है, तो असंभव भी संभव हो जाता है। सौरभ सिंह ने कहा कि आज समय की मांग है कि समाज पांच प्रमुख परिवर्तनों सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य पर एकजुट होकर कार्य करे। कथावाचक कृष्णप्रिया ने कहा कि केवल तिलक लगाने, वस्त्र पहन लेने या मंचों से भाषण देने से कोई हिंदू नहीं बन जाता। हिंदू वह है, जिसके आचरण, व्यवहार और कर्म में राम और कृष्ण झलकें। आज पूरी दुनिया भगवान राम को इसलिए मानती है क्योंकि उन्होंने जीवनभर मर्यादा का पालन किया। यदि हम स्वयं को राम और कृष्ण की संतान कहते हैं, तो हमें भी चरित्रवान, मर्यादित और करुणावान बनना होगा।



गंजबासौदा। नगर के मुख्य मार्गों से निकली भव्य कलश यात्रा



गंजबासौदा। जगतगुरू एवं अन्य संतों का जनप्रतिनिधियों ने सम्मान किया

### शॉल श्रीफल से किया धर्मगुरूओं संतों का सम्मान, विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

गंजबासौदा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। सम्मेलन में मंच पर गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी, वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी, राजेश तिवारी के अलावा जिला प्रचारक राकेश परमार ने शाल श्रीफल से जगद्गुरु सहित अन्य संतों का सम्मान किया। नगर की विभिन्न समाजों] सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों में भी जगतगुरु सहित अन्य संतों एवं धर्मगुरूओं का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सनी भावसार ने किया जबकि आभार मयंक टांक ने माना। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर, सुभाष निकेतन विद्यालय, रतन वाई जैन विद्यालय एवं माय स्कूल के विद्यार्थियों सहित नगर के विभिन्न विद्यालयों की 40 से अधिक झांकियों ने देश की संस्कृति सभ्यता और हिंदू एकता का प्रदर्शन किया। वहीं वेदांत आश्रम के बटुकों ने वेदवाणी की अद्भुत प्रस्तुति दी।

### नगर से पाठशाला तक दिखी भगवा चेतना

**गंजबासौदा।** सम्मेलन के दिन पूरा नगर भगवा ध्वजों, पताकाओं और स्वागत द्वारों से सजा नजर आया। पाठशाला का परिसर भगवा रंग में रंगा दिखाई दिया। नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर नागरिकों ने जगह-जगह आरती उतारकर जगद्गुरु का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण पूरा नगर धार्मिक उल्लास और अनुशासन का उदाहरण बना रहा। नगर की 11 बस्तियों से शोभायात्राएं और कलश यात्राएं निकाली गईं। सभी यात्राओं का संगम जय स्तंभ पर हुआ, जहां से विशाल शोभायात्रा के रूप में कार्यक्रम स्थल तक जुलूस पहुंचा। जगतगुरु संत समाज के साथ पैदल शोभायात्रा में शामिल हुए। करीब 2 किलोमीटर लंबी इस यात्रा को श्रद्धालुओं की भीड़, स्वागत और आरती के कारण लगभग 5 घंटे लगे। मार्ग में ग्रामीण क्षेत्रों से आई भजन मंडलियां, विभिन्न अखाड़ों के शौर्य प्रदर्शन और भारत माता व महापुरुषों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

### जगतगुरू ने किया महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, भंडारे में परोसी प्रसादी

**गंजबासौदा।** जगद्गुरु ने रथ से उतरकर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण शोभायात्रा के दौरान नगर के प्रमुख चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं के पास जगद्गुरु ने अपना रथ रुकवाया और स्वयं रथ से उतरकर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के दौरान "भारत माता की जय" और "जय श्रीराम" के जयघोष गूंजते रहे। नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सम्मेलन के बाद विशाल समरसता भोज का आयोजन हुआ। करीब 15 हजार से अधिक लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारा देर रात तक चलता रहा। जगतगुरु ने स्वयं प्रसादी परोसकर समाज में समानता और समरसता का संदेश दिया।



## शिव महापुराण में सुनाया श्री गणेश विवाह का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सावरकर चौक स्थित धनुषधारी मंदिर प्रांगण में हो रही श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कथा का वाचन करते हुए श्रीगणेश के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि रिद्धि सिद्धि का विवाह श्री गणेशजी के साथ हुआ। इस दौरान मनोहर झांकी सजाई गई। उन्होंने कहा कि सांसारिक वासना के त्याग करने से ही जीव को शांति मिलती है। जीवन में सुख चाहते हो तो सांसारिक वासना को त्यागना पड़ेगा। शिव की प्राप्ति भोग से नहीं योग से प्राप्त होती है। श्रावण मास में ब्रह्मचर्य सदाचार का पालन करके शिव आराधना करने से मानव को अलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि धर्म ध्वज की पुत्री तुलसी के श्राप के कारण गणेशजी का विवाह दो पत्नियों के साथ हुआ जो गणेश विवाह की कथा को सुनता है उनका दांपत्य जीवन हमेशा सुखी रहता है। काशी विश्वनाथ की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि काशी में जिसकी मृत्यु होती है वह मोक्ष को प्राप्त होता है। कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। पंडित ऐलिया ने शिव महापुराण के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री गणेश प्रथम पूज्य देवता हैं। किसी भी शुभ कार्य में सबसे पहले उनकी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि भक्ति में दिखावा मत करो भोले बाबा दिखावा आडंबर से प्रसन्न नहीं होते। उनकी भक्ति पाने के लिए निर्मल मन समर्पण भाव की जरूरत होती है। शिवजी को प्रसन्न करने के लिए दिल से भक्ति करो। कथा में आगे कहा कि गणेश बुद्धि के देवता है। उन्होंने अपने माता-पिता की परिक्रमा करके शिव पार्वती को प्रसन्न किया। क्योंकि माता पिता ही ईश्वर का रूप है, जो माता पिता की सेवा करता है। उन्हें शिव से मिलने की भक्ति करने की जरूरत नहीं है। इस दौरान कथा में उपस्थित मुख्य जजमान आचार्य गण सहित अनेक महिला,पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## ट्रक में लदे मक्के के बोरे सड़क पर फैले



**गंजबासौदा।** मंगलवार को दोपहर के समय पचमा बायपास मार्ग से गुजर रहे लोडिंग ट्रक जिसमें मक्के के बोरे भरे हुए थे। वह अचानक सड़क पर गिरकर फैल गए। जिन्हे वहां मौजूद लोग भरकर ले गए। बाद में मजदूरों द्वारा सड़क पर फैली मक्का को बोरों में भरकर ट्रक में रखा गया। इस दौरान देर तक मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होती रही। जाम के कारण दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालक खासे परेशान हुए।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में हुई 173 मरीजों के आंखों की जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय डीटी पिंगले एवं तारा बाई पिंगले की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा एवं डॉ. रवि अहिरवार ने 173 से अधिक मरीजों की नेत्रों की जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 59 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क़े लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 35 चश्मों का वितरण किया। ट्रस्ट ने 37 मरीजों को दवाइयां वितरित की गई, 42 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। मरीजों की बीपी, शुगर जांच की भी जांच की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में गणेशराम रघुवंशी, डॉ. एके जैन, डॉ. राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल, भगवान दास, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, डॉ. रवि अहिरवार, डॉ. रवि अहिरवार, हेमंत भंडारी, हरीश सक्सेना, संजीव शर्मा, रामकुमार शर्मा,सरदार सिंह सिसोदिया सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सुनील बाबू पिंगले ने आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के तद्धावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुल्हार के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष अमित शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए ग्रामीणजनों को स्वदेशी अपनाने, स्वच्छता, एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। ग्राम के शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी शिक्षक नेतराम विश्वकर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं ग्राम के उपसरपंच राधेलाल अहिरवार ने गांव में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के अनिल खरे ने बच्चों के टीकाकरण एवं महिलाओं के संतुलित खानपान के महत्व संबंधित जानकारी दी।

### ग्राम हतोड़ा के प्राचीन बालाजी मंदिर में होगी 12 ज्योतिर्लिंग शिवलिंग की प्रतिष्ठा

# शिव महापुराण कथा की तैयारियों पर बनी सहमति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम हतोड़ा में प्रस्तावित 12 ज्योतिर्लिंग शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा, 51 कुंडीय रुद्र हरिहर महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा के भव्य आयोजन को लेकर स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं समितियों का गठन और दायित्वों को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि ग्राम हतोड़ा स्थित प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में 12 ज्योतिर्लिंगों की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा एवं 51 कुंडीय रुद्र हरिहर महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का संचालन हतोड़ा ग्राम समिति द्वारा किया जाएगा। वहीं शिव महापुराण कथा, श्रद्धालुओं की सुविधा, सेवा कार्य, जनसंपर्क एवं अन्य व्यवस्थाएं नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सनातन प्रेमियों की देखरेख में संपन्न होंगी। बैठक में जानकारी देते हुए श्री बालाजी हनुमान मंदिर हथोड़ा के पीठाधीश्वर पंडित राजा महाराज नहीं बताया कि अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का वाचन गंज बायपास मार्ग पर किया जाएगा। कथा का आयोजन 8 मई से 14 मई तक प्रस्तावित है। इससे पूर्व 7 मई को नगर से हतोड़ा तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें मातृशक्ति एवं शिव भक्तों की बड़ी सहभागिता रहेगी। कथा समापन के बाद 15 मई को विशाल भंडारे का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पंडित केशव शास्त्री, प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी, देवेंद्र वर्मा, हतोड़ा सरपंच पप्पू रघुवंशी, मुरारीलाल अग्रवाल, रविंद्र उपाध्याय सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### फिल्म किसान की बेटी का ऑडिशन आज

**गंज बासौदा।** नगर में बनाई जा रही फिल्म किसान की बेटी में विभिन्न किरदारों के लिए फिल्म निर्माता निर्देशक द्वारा स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाऐगा। जिसको लेकर बुधवार को फिल्म किसान की बेटी का ऑडिशन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नवीन बस स्टैंड के सामने वार्ड नंवर 8 के पास किया जा रहा है। इस फिल्म की सूटिंग ग्राम मलकपुर, करैया जागीर, कृषि उपज मंडी, एलबीएस कॉलेज, अस्पताल और कंजना पठार पर प्रस्तावित है।

## परिचय सम्मेलन एक फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रघुवंशी समाज द्वारा 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में आयोजित होने जा रहे जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग कार्यशाला को लेकर रविवार को रघुवंशी धर्मशाला विदिशा में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में जिले भर से आए समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आठ प्रमुख समितियों का गठन किया गया है। इनमें स्वागत समिति, परिचय सम्मेलन समिति, महिला मंडल समिति, भोजन व्यवस्था समिति, मंच संचालन समिति, बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए स्वागत समिति, करियर काउंसलिंग पंजीयन समिति तथा परिचय पंजीयन समिति शामिल हैं। सभी समितियों को अलग-अलग दायित्व सौंपते हुए जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। रघुवंशी समाज जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि सम्मेलन में जिले भर से 1000 स्वजातीय बंधुओं को शामिल होने आमंत्रित किया गया है। आयोजन में छिंदवाड़ा जिले की चौरई तहसील के रघुवंशी समाज के विधायक सुजीत सिंह चौधरी, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के अलावा समाज के प्रतिभाशाली प्रशासनिक अधिकारी के अलावा युवाओं के रोल मॉडल समाज जन भी अतिथि के रूप में सम्मेलन की शोभा बढ़ाएंगे। बैठक में बताया गया कि करियर काउंसलिंग कार्यशाला में समाज के गौरवशाली व्यक्तित्व, प्रतिष्ठित सदस्य ,युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे।

## खबर संक्षेप




### सांदीपनि विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**सिरोंज।** नवीन व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत शासकीय सांदीपनी विद्यालय सिरोंज के आईटी,आईटीईएस के छात्र-छात्राओं ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल स्थित इस प्रमुख पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय का औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण किया। यह विश्वविद्यालय 1990 में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्थापित किया गया था और यह भारत का पहला पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय है। यहां मीडिया, जनसंचार, पत्रकारिता, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया, विज्ञापन-सार्वजनिक संबंध, कंप्यूटर अनुप्रयोग और शोध जैसे विविध विषयों में उन्नत शिक्षा दी जाती है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने आधुनिक मीडिया स्टूडियो,लाइब्रेरी एवं शोध सुविधाएँ,व्यावहारिक प्रशिक्षण-कक्ष और प्रोफेशनल मीडिया अभ्यास का अनुभव का सीधा अनुभव प्राप्त किया। जिससे उनके करियर विकल्पों और पत्रकारिता शिक्षा की वास्तविक समझ विकसित हुई। छात्रों को विश्वविद्यालय कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका से अवगत कराया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के बाद छात्रों ने वन विहार का भ्रमण किया। जहां उन्होंने जैव विविधता,सर्प उद्यान और वन्य प्राणियों का अवलोकन किया। छात्र-छात्राओं के साथ आईटी, आईटीईएस प्रभारी रिंकेश रघुवंशी, नेहा जैन, वर्षा परिहार, नीरज रघुवंशी, अनिल शर्मा, सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।

### आमखेड़ा सूखा मंडल का हिंदू सम्मेलन हुआ

**विदिशा।** आमखेड़ा सूखा मंडल का हिंदू सम्मेलन श्री मेढ़े वाली माता मंदिर पर संपन्न हुआ। जिसमें श्रीगंज हनुमान मंदिर के महंत श्री महेश्वर दास त्यागी बाबा, रविन्द्र आचार्य , महंत बालकदास महाराज, सत्यनारायण दास महाराज सहित अनेक साधु संतों के आशीर्वचन प्राप्त हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह गुलाब सिंह कुशवाह ने सकल हिन्दू समाज की एकता और समाज में पंच परिवर्तन के महत्व को समझाया। सकल हिंदू समाज के विशाल सम्मेलन में क्षेत्र के ग्रामों ढाडोन, पिपरिया, महुआखेड़ा, आमखेड़ा सुखा, नानकपुर , सराय , टोपली, रमपुरा, बांसखेड़ी आदि से सैकड़ों की संख्या में भजन मंडलियां, चुनरी यात्रा के साथ हिंदू समाजजन एकत्रित हुए। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ।

### आबकारी विभाग ने 34 क्वार्टर शराब जब्त की

**विदिशा।** ग्राम सेमरा सूखा में अवैध रूप से शराब बेचे जाने की प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग की टीम ने रीना केवट पत्नी सोनू केवट उम्र 30 साल निवासी ग्राम सूखा सेमरा के मकान की तलाशी ली। तलाशी में उनके मकान के अंदर से 34 पाव देशी प्लेन मदिरा के बरामद कर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पांच स्थानों पर दबिश देकर शराब जब्त की

**विदिशा।** कुरवाई के ग्राम पैराखेड़ी, रूसिया टापरा, बरेठा, दानखेड़ी, दलपतपुर एवं यादव ढाबा क्षेत्र में पांच स्थानों पर आबकारी विभाग ने दबिश दी। कार्रवाई में 30 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 45 पाव देशी, 20 पाव विदेशी मदिरा तथा 350 किलोग्राम लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत 4 प्रकरण दर्ज किए।

### कनेरादेव के 24 आवासों की चाबी हितग्राहियों को सौंपी

**सागर।** नगर पालिक निगम सागर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कनेरादेव क्षेत्र में निर्मित आवासों के आवंटन की प्रक्रिया के तहत 24 हितग्राहियों को उनके आवासों की चाबियाँ सौंपी गईं।

## संस्कार सेना का ऐतिहासिक श्रवण कुमार अवॉर्ड कार्यक्रम आयोजित

# माता-पिता की देखभाल करना ही जीवन की सबसे बड़ी सेवा: जैन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

माता-पिता के सम्मान में समर्पित संस्था संस्कार सेना का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अवार्ड समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी,म.प्र शासन के पूर्व मंत्री पीसी शर्मा,संस्कार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर भजन सिंह जांगडे,ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर कार्यक्रम में आईजा द्वारा संस्कार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर भजन जांगडे व प्रधान महासचिव सुश्री अलका धुर्वे को मानव सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया। माता-पिता के सम्मान में समर्पित संस्कार सेना द्वारा भोपाल स्थित गुलाब उद्यान में 101 श्रवण कुमार अवॉर्ड का ऐतिहासिक कार्यक्रम कर युवा पीढ़ी को माता-पिता के सम्मान का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री पीसी शर्मा,श्रीमती विभा शर्मा,नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी,जनसंवेदना कल्याण समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी पत्रकार राधेश्याम अग्रवाल,श्री श्री 1008 कृष्णापुरी महाराज,करणी सेना के राष्ट्रीय महासचिव मोटिवेशनल स्पीकर डॉ सुरेश सोनगरा मुख्य रूप से उपस्थित हुए सभी अतिथियों का संस्थापक हरभजन जांगड़े,राष्ट्रीय मुख्य सचिव सुश्री अलका धुर्वे,राष्ट्रीय महासचिव हेमंत सोगानी ने सम्मान किया। माता-पिता के प्रति सेवा भाव संस्कार सेना के प्रति समर्पण के लिए नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी एवं राधेश्याम अग्रवाल सहित सेंकड़ों लोगों को श्रवण कुमार अवार्ड प्रदान किये।

### इन श्रवण कुमारों को किया गया सम्मानित

श्रवण कुमार अवॉर्ड के लिए डॉक्टर सुरेश सोनगरा इंदौर बेंगलुरु से साक्षी अभिषेक दिक्षित इटारसी से रामशंकर सोनकर खैरागढ़ से गौतम चंद्र जैन मुढ़ीपार देवराज सेन छत्तीसगढ़ से दिल्ली से दिनेश लोधी राकेश कुमार शरण बालीराज मीणा मुलताई से जगदीश चंद्र पवार भोपाल से ममता अहिरवार सर्वेश तिवारी राजेंद्र शर्मा,मंडला महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इंदिरा सोनवानी उपाध्यक्ष उर्मिला सोनवानी इटारसी से नर्मदा पुरम जिला अध्यक्ष आशा सोनी,भोपाल से मोहन टोंक कर्मवीर सिंह वाय के विमल सुरेंद्र मेहरा राजेन्द्र बिरोले फिल्म एक्टर प्रदीप शिवम शर्मा गुड्डू चार्ली पत्रकार विनोद कुशवाहा उज्जैन से हेमंत सोगानी अंकित जैन विदिशा से अधिमान्य पत्रकार एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी संस्कार सेना राजीव जैन सैनानी सिवनी मालवा से संतोष कहार बाबा छतरपुर से बाबूलाल मस्ताना नसरुल्लागंज से रामगोपाल रैकवार रामपाल वांकरिया राष्ट्रीय सलाहकार एडवोकेट सुचित्रा दामले शिवपुरी से शैलेंद्र श्रीवास्तव रीवा से बृजभान सिंह बनारस से अजय दुबे बिहार से रमेश झा होशंगाबाद से संगीत गुरु कपूर नागर पत्रकार मांगीलाल कुशवाहा सत्तार खान मुरैना केसरी अखबार के प्रधान संपादक दिलीप शर्मा रायसेन से वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र तोमर थान सिंह मालवीय उपेंद्र गौतम अशोक मालवीय मलखान सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में समाज सेवी एवं पत्रकार उपस्थित रहे सभी का संस्कार सेना की ओर से मेडल प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी से सम्मान किया गया।

### संस्कार सेना की जितनी प्रशंसा की जाए कम है

इस मौके पर डॉ सुरेश सोनगरा ने संस्कार सेना के प्रति समर्पण एवं तन मन धन से सहयोग कर शीघ्र इंदौर में कार्यक्रम कराने का आश्वासन दिया। वही किशन सूर्यवंशी ने माता-पिता के प्रति समर्पित संस्कार सेना द्वारा संपूर्ण भारत में चलाई जा रही मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे भारत को विश्व गुरु बनाने में माता-पिता के सम्मान के इस विचार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि माता-पिता के सम्मान में संस्कार सेना की जितनी प्रशंसा की जाए कम है इस कार्य को ना कोई सरकार कर सकती है ना कोई नेता जिसे आप लोग कर रहे हैं आप सभी बधाई के पात्र हैं और संस्थापक हरभजन जांगड़े का फूल माला से सम्मान किया।

### आईजा ने किया सम्मान

*संस्कार सेना द्वारा आयोजित कार्यक्रम ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया द्वारा पूरे देश में जीव दया को लेकर लडाई लड रहें है। वही संस्कार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरभजन जांगडे माता-पिता सेवा के लिए जो कार्य कर रहे है वह वास्तव सराहनीय है। ऐसे कार्यो के लिए में हरभजन सिंह को बधाई देता हूं। साथ ही मानव सेवा अवार्ड के लिए अनुशंसा करता हूं। मेरे प्रतिनिधि के रूप में मध्यप्रदेश आईजा के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा संस्कार सेना संस्थापक हरभजन जांगड़े एवं राष्ट्रीय मुख्य सचिव अलका धुर्वे को मानव सेवा अवॉर्ड से सम्मानित करने की बात कही। इस मौके पर एड राजीव जैन सैनानी ने कहा कि माता-पिता के सम्मान में समर्पित संस्था संस्कार सेना द्वारा जो कार्य किए जा रहे है वह वास्तव में बधाई के पात्र है। उन्होने कहा कि माता-पिता की सेवा ही जीवन की सेवा है माता-पिता की देखभाल, सम्मान और उनकी जरूरतों को पूरा करना ही सच्चा धर्म, सबसे बड़ी पूजा और जीवन का सबसे सार्थक कार्य है, क्योंकि वे हमें जीवन देते हैं और हमारी परवरिश करते हैं, और उनकी सेवा से ही हमें आंतरिक शांति, सुख और ईश्वर का आशीर्वाद मिलता है, जो किसी अन्य कार्य से नहीं मिल सकता। यह हमारा परम कर्तव्य और सबसे बड़ा धर्म है कि हम अपने माता-पिता का ध्यान रखें, खासकर बुढ़ापे में जब वे असहाय हो जाते हैं। माता-पिता को देवता के समान माना जाता है मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, और उनकी सेवा ईश्वर की सेवा के बराबर है। जैसे हम अपने माता-पिता के साथ व्यवहार करते हैं, वैसे ही हमारे बच्चे भविष्य में हमारे साथ करेंगे,यह कर्म-फल का सिद्धांत है। उनकी सेवा करने से जीवन में सुख,शांति और संतोष मिलता है, जो कहीं और नहीं मिलता।*

### तक्षशिला स्कूल के बच्चों ने दी नाटक की प्रस्तुति

*इस अवसर पर कार्यक्रम में तक्षशिला हाई सेकेंडरी स्कूल मंडीदीप के बच्चों द्वारा दिल को छू लेने वाले नाटक की प्रस्तुति दी। वही संस्कार सेना की युवा टीम के प्रशांत पथोरिया के नेतृत्व में भी बच्चों के द्वारा माता-पिता की दशा और युवाओं की दिशा पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी गई। इसी के साथ संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र विरोले के नेतृत्व में संस्कृति प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष गौतम चंद्र जैन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार बेगी सहित यूपी,बिहार,दिल्ली,प्रदेश अध्यक्ष जवाहर सिंह मीणा भोपाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित हुए सभी ने माता-पिता के सम्मान में अपने विचार एवं गायन की प्रस्तुति दी।*

## यंग ब्रदर्स गरेंठा द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में गरेठा जीत की दर्ज



**सिरोंज।** ग्राम पंचायत गरेंठा में यंग ब्रदर्स गरेंठा द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में गरेंठा 11 ने जीत हासिल की। सोमवार को आयोजित पहले सेमीफइनल मैच मे रेहान 11 बमुलिया और राजपुर 11 के बीच खेला गया।

जिसमे पहले बैटिंग करते हुए राजपुर 11 ने 144 रन बनाए। जिसके जवाब मे उतरी रेहान 11 ने 121 रन बना पाई। फिर फाइनल मैच गरेंठा 11 व राजपुर 11 के बीच हुआ। जिसमे पहले बल्लेबाजी करते राजपुर 11 ने 10 ओवर में 110 रन बनाए। जिसके जवाब मे उतरी गरेंठा 11 ने 9 ओवर की चौथी गेंद पर 115 रन बनाकर इस मैच को जीत की। इस टूर्नामेंट मे मेन ऑफ़ जीम सीरिज से सम्मानित सुदीप शर्मा,शैलेन्द्र शर्मा, शर्मा कंप्यूटर के ओर्नर द्वारा दिया गया। वही फाइनल मैच मे बेस्ट बेस्टमैन से सम्मानित विशाल श्रीवास्तव को साजिद खान द्वारा एक बैट इनामी राशि दी गई। वही फाइनल मैच मे मैन ऑफ़ जीम मैच गौरव शर्मा रहे। उप विजेता राजपुर 11 को ट्रॉफी और 11000 रूपये इनामी राशि दी गई।

## गुफा मंदिर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन




**सिरोंज।** ग्राम भौंरा गुफा मंदिर परिसर में मंगलवार को हिंदू सम्मेलन आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दू सम्मेलन में मुख्य अथिति के रूप में रवि श्रीवास्तव एवं मुख्य वक्ता बासौदा जिले के मुख्य मार्ग प्रमुख अरविंद सिंह दांगी ने कहा कि संगठित हिंदू समाज ही शक्तिशाली भारत का निर्माण कर सकता है। सत्य सनातन धर्म केवल धर्म है जो विश्व कल्याण की कामना करता है। इसके लिए काम करता है देश की आने बाले दिनों मे क्या स्तिथि होगी। इसका अध्ययन आज से 100 वर्ष पहले डॉ हेडगेवार जी ने कर लिया था। इसलिए सभी चुनौतियों के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। इतिहास में हिंदुओं की आपसी फूट, जाति,ऊंच नीच के भाव के कारण मे संगठन की कमी से मुट्ठी भर विदेशी आक्रांताओं ने न केवल भारत पर राज्य किया बल्कि लूटा यहां की संस्कृति को नष्ट करने का भरसक प्रयास किया। हिंदू समाज के मंदिरों को तोड़ा। इसी क्रम में पंच परिवर्तन के बारे में बताया कि हम सभी को पांच परिवर्तनों पर अपने परिवार, समाज में अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है जैसे पर्यावरण संरक्षण,नागरिक शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रवोधन, सामाजिक समरसता एवं स्वदेशी का भाव। साथ ही भव्य शोभायात्रा गांव की गलियों से निकाली गई जिसमें भगवान जय श्री राम और भारत माता की जय घोष आकर्षण के केंद्र रहे और अंत में भारत माता की आरती के बाद समरसता भोज में आए हुए सभी समाज जनों ने मातृ शक्ति ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

## छात्रों ने सीखा सूक्ष्म लघु व मध्यम इंटरप्राईज स्थापित करने का तरीका

### एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- कृषि आधारित प्रोजेक्ट्स पर जानकारी दी गई।

शासकीय संजय गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे रोजगार और स्वरोजगार की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 60 से अधिक छात्राओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के प्रायोजक आफिस आफ द डेवलपमेंट कमिश्नर सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार हैं और कार्यक्रम के आयोजक उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में स्वरोजगार की भावना विकसित करना, एमएसएमई और शासकीय योजनाओं की जानकारी देना, स्थानीय स्तर पर व्यावसायिक अवसरों से परिचित करवाना और वित्तीय कौशल को बढ़ावा देना है।

प्रशिक्षण मुख्य रूप से छोटे प्रोजैक्ट्स मशरूम, वर्मीकम्पोस्ट, प्राकृतिक खेती, डेयरी और लघु स्तरी प्रोजैक्ट्स की जानकारी पर केंद्रित था जिसके तहत आशीष श्रीवास्तव, वैज्ञानिक, कृषि महाविद्यालय, गंजबासौदा ने कृषि आधारित प्रोजैक्ट्स पर जानकारी दी गई। बीएस बघेल, एलडीएम एसबीआई द्वारा वित्त संबंधी जानकारी दी गई और जयंती कुमारी द्वारा जिले स्तर पर चलायी जा रही शासकीय योजनाओं का परिचय प्रशिक्षणार्थियों से कराया गया। माईक्रो एवं स्माल स्केल के प्रोजैक्ट्स पर जिला समन्वयक सेडमैप और केवल प्रतापसिंह, प्रबंध निदेशक गिल्ड एकेडमी द्वारा जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम अवसर पर बीएस बघेल एलडीएम एसबीआई, डॉ. सुमनलता गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी, डॉ. बीके प्रजापति, वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ. कंचन वैद्य, शास. संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंज बासौदा उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन दिनेश कुमार गावड़े, जिला समन्वयक, सेडमैप विदिशा, द्वारा किया गया।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल शूज वितरित किए

**विदिशा।** जतरापुरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट द्वारा सामाजिक सरोकार का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। ट्रस्ट के माध्यम से विद्यालय के लगभग 70 जरूरतमंद विद्यार्थियों को शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए स्कूल शूज भेंट किए गए। ट्रस्ट द्वारा पूर्व में भी पिछड़ी बस्तियों के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत जरूरतमंद बच्चों को लगभग 1000 स्वेटरों का वितरण किया जा चुका है। यह सेवा अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## समय से पहले छुट्टी, बच्चों को नहीं मिला मध्याह्न भोजन

### नौरजा स्कूल में भारी अनियमितताएं उजागर, स्कूल प्रभारी बोले स्वसहायता समूह की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

- 95 छात्र स्कूल में दर्ज, मौके पर सिर्फ 32 ही उपस्थित मिले।

जनपद शिक्षा केंद्र ग्यारसपुर के अंतर्गत संकुल हैदरगढ़ की एकीकृत माध्यमिक शाला नौरजा में शिक्षा व्यवस्था और मध्यान भोजन योजना में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है।

मंगलवार को न तो बच्चों को निर्धारित मध्यान भोजन मिला और न ही स्कूल निर्धारित समय तक संचालित हुआ। आरोप है कि शिक्षकों ने दोपहर 3 बजे से पहले ही बच्चों की छुट्टी कर दी। स्कूल में अध्ययनरत छात्र नितेश, अरुण आदिवासी, राज आदिवासी और अनुराग बंसल ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से पेट भर भोजन नहीं मिलता।

अधिकांश दिनों में केवल दो-तीन रोटियां दी जाती हैं। मंगलवार को आटा न होने के कारण रोटियां नहीं बनीं और शिक्षक रामसिंह चिडार द्वारा केवल एक-एक समोसा दिया गया, जो बच्चों की भूख मिटाने के लिए अपर्याप्त था। भूख के कारण कई बच्चों को समय से पहले घर भेज दिया गया। कक्षा 1 से 8 तक 95 विद्यार्थी दर्ज होने के बावजूद मौके पर केवल 32 बच्चे उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान स्कूल में केवल एक नियमित और एक अतिथि शिक्षक मौजूद थे। स्कूल प्रभारी अनुपस्थित थे, जबकि एक शिक्षक की ड्यूटी बीएलओ के रूप में बताई गई। स्कूल प्रभारी विनोद जैन ने मध्यान भोजन की जिम्मेदारी गीता स्वयं सहायता समूह की बताई। वहीं बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार ने जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मामला सरकारी स्कूलों में लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष मनाने जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाने के निर्णय के तहत जिले में व्यापक गतिविधियों के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंगलवार को कलेक्ट्रेटमें जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई।। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने की, जबकि जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया भी उपस्थित रहे। बैठक में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कृषकों से जुड़ी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बताया गया कि कृषि वर्ष के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड की चयनित ग्राम पंचायतों में कृषि रथ का भ्रमण कराया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जैविक व प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उर्वरक ई-टोकन व्यवस्था, फसल विविधीकरण, कीट-रोग प्रबंधन, पराली प्रबंधन तथा कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## मृतक के परिजन को दो लाख चालीस हजार की मदद स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बैरसिया में घटित सड़क दुर्घटना में लटेरी के पांच मृतकों के परिजनों को विभिन्न मंदो से आर्थिक मदद स्वीकृत कर उन्हें प्रदाय की गई है।

मृतक के आश्रित परिजन को विभिन्न प्रकार के पांच मंदो की कुल राशि 2 लाख 40 हजार रुपए स्वीकृत कर जारी की गई है। जिस में से प्रत्येक को 2 लाख 20 हजार रुपए प्राप्त हो चुकी है। सड़क दुर्घटना में मृतक सभी अनुसूचित जाति वर्ग के थे इस लिए एससी वर्ग की सहायता पांच हजार, जिला रेडक्रॉस सोसायटी विदिशा द्वारा पांच हजार और भोपाल जिले की रेडक्रॉस सोसायटी ने दस हजार रुपए और स्वेच्छानुदान मंद से 2 लाख रुपए तथा संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा पांच हजार रुपए और सड़क दुर्घटना प्रकरण (हिट एंड रन) में 15 हजार रुपए इस प्रकार मृतक के हरेक नामांकित परिजन को कुल दो लाख चालीस हजार रुपए की आर्थिक मदद जारी की गई है।

## किसानों ने किया राष्ट्रीय गेहूं अनुसंधान संस्थान का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



आत्मा परियोजना के अंतर्गत राज्य के बाहर कृषक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विदिशा जिले के किसानों ने हरियाणा के करनाल स्थित राष्ट्रीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान का शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक भ्रमण किया।

संस्थान में विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. मंगल सिंह द्वारा कृषकों को गेहूं की उन्नत एवं उच्च उत्पादन क्षमता वाली किस्मों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही फसलों के प्रक्षेत्र (डेमो प्लॉट) का भ्रमण कराते हुए बीज चयन, उर्वरक प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं उत्पादन बढ़ाने की वैज्ञानिक विधियों को सरल भाषा में समझाया गया। विदिशा जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए कृषकों के साथ जिला पंचायत सदस्य रामनरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने कृषकों को इस प्रकार के अध्ययन भ्रमणों को अपनाकर नवाचारों को अपने खेतों में लागू करने हेतु प्रेरित किया। किसान भ्रमण कार्यक्रम विदिशा जिले के किसानों के लिए ज्ञान, अनुभव और आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। जिससे वे उन्नत तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन एवं आय में वृद्धि की दिशा में सार्थक कदम सुगमता से उठा सकेंगे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि प्रशिक्षित कृषक दल 23 जनवरी को वापस विदिशा आएगा।

सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा वर्ष 2025-26 अंतर्गत राज्य के बाहर किसान भ्रमण कार्यक्रम तहत भ्रमण एवं अवलोकन हेतु नोडल अधिकारी अशोक रघुवंशी, एटीएम, विकासखंड विदिशा के साथ जिले से कुल 21 किसानों का 5 दिवसीय भ्रमण कार्यकम आयोजित किया गया है। भ्रमण संस्थान में प्रत्यक्ष अवलोकन कराने हेतु वैज्ञानिक व अधिकृत सहायक के द्वारा कृषक भ्रमण दल के रात्रि विश्राम हेतु अपने संस्थान का विश्राम गृह निर्धारित तिथियों के लिये आरक्षित किया गया है।

### भ्रमण कार्यकम

आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के परियोजना संचालक श्री केएस खपड़िया ने बताया कि प्रशिक्षित कृषक दल दो दिन करनाल में गन्ना अनुसंधान केन्द्र, और एनडीआर आई करनाल, के.वी.के.का भ्रमण तथा लुधियाना में गेहूं अनुसंधान निदेशालय करनाल का एवं सीफेट लुधियाना का भ्रमण और अंतिम दिन पंजाब कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण उपरांत विदिशा जिले के वापसी का कार्यक्रम निर्धारित है। भ्रमण कर हुए नवाचारों से जिले के कृषक बंधु अवगत हो कर उनका क्रियान्वयन करेंगे।

### जनसुनवाई से 106 में से 68 मामले सुलझाए

**विदिशा।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कुल 106 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68 आवेदनों का मौके पर ही संतोषजनक निराकरण किया गया। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर इसकी जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट की जाए। जनसुनवाई कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

AS PER OLD DOCUMENT MY NAME IS RINKOO KUMAR SAHU S/O PURUSHOTTAM SAHU,R/O 36/3 WARD 06 KAMAL GIRAN MAJJID JAWAHAR BAZAR SIRONJ VIDISHA MP 464228. NOW CHANGED MY NAME AS RINKU SAHU S/O PURUSHOTTAM SAHU R/O 36/3 WARD 06 KAMAL GIRAN MAJJID JAWAHAR BAZAR SIRONJ VIDISHA MP 464228

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ओमवती बाई दांगी पत्नि श्री लोकेन्द्र सिंह दांगी निवासी ग्राम चिरावटा, पोस्ट इन्दरवास तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा म. प्र. ।मेरे आधार कार्ड, वोटर कार्ड तथा अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम ओमवती बाई दांगी लिखा है तथा मेरी पैत्रिक कृषि भूमि जो कि ग्राम परासी तहसील गैरतगंज जिला रायसेन में है उसमें मेरा नाम गुड्डी बाई पत्नि जगदीश सिंह लिखा है अब मुझे सभी दस्तावेजों में गुड्डी बाई दांगी पत्नि लोकेन्द्र सिंह दांगी के नाम से जाना व पहचाना जावे । शपथ पत्र क्रमांक DF 764804

## फॉरेस्ट की एनओसी के चलते जिलेभर में अवैध कारोबार जारी

# घनी आबादी में धड़ल्ले से चल रही आरा मशीनें लकड़ी के भंडारण से बढ़ा आगजनी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर में तीन आरा मशीनें रहवासी इलाके में संचालित है। इन टिंबर मर्चेंट द्वारा भारी मात्रा में लकड़ियों का स्टॉक कर रखा है। इससे हरदम आगजनी की स्थिति हरदम बनीं रहती है। शहर के रहवासी इलाकों में संचालित तीनों आरा मशीनें टिंबर मर्चेंट द्वारा फॉरेस्ट से बगैर एनओसी लिए धड़ल्ले से चल रही हैं। ऐसे में घनी आबादी के बीच अगर आगजनी की घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। हैरान करने वाली बात यह है कि राजधानी भोपाल,हरदा में आरा मशीनो में आगजनी की घटना के बाद भी इनसे कोई सबक नहीं लिया है।

शहर सहित जिले के घनी आबादी वाले इलाकों में नियमों को ताक पर रखकर आरा मशीनें धड़ल्ले से संचालित की जा रही हैं। इन आरा मशीनों के आसपास भारी मात्रा में लकड़ी का भंडारण किया जा रहा है, जिससे आगजनी की बड़ी आशंका बनी हुई है। हाल ही में हरदा में हुए भीषण हादसे के बाद भी जिम्मेदार विभागों ने कोई सबक नहीं लिया है।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि



आरा मशीनों के पास न तो फायर सेफ्टी के इंतजाम हैं और न ही आपात स्थिति से निपटने की कोई व्यवस्था। लकड़ी के गट्ठरों, भूसे और ज्वलनशील कचरे के बीच मशीनें चलने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके, न नगर प्रशासन सक्रिय है और न ही फॉरेस्ट विभाग की ओर से सख्ती दिखाई दे रही है।

बताया जा रहा है कि फॉरेस्ट विभाग की एनओसी की आड़ में जिलेभर में अवैध रूप से लकड़ी का कारोबार जारी है। कई स्थानों पर एनओसी की शर्तों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, लेकिन जांच और कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। इससे न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि आम नागरिकों की जान भी जोखिम में है।

रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि



घनी आबादी में चल रही आरा मशीनों को तत्काल हटाया जाए, लकड़ी के अवैध भंडारण पर रोक लगे और फायर सेफ्टी नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### आबादी के बीच जिले में अधिकांश आरा मशीनें

जिले में अधिकांश टिंबर मर्चेंट की आरा मशीनें आबादी के बीच चल रही हैं। इसके अलावा उनके ठिकानों पर लकड़ी की भारी मात्रा में स्टॉक रखा हुआ है। यहां से गुजरने वालों को दिनभर आरा मशीनों का शोर सुनाई दे रही है। ऐसे में कभी किसी शरारती तत्व से कोई आगजनी की वारदात कोई बड़ा रूप धारण कर सकता है।

आग से रोकने के कोई इंतजाम नहीं....

जिले में आरा मशीनों में आगजनी से निपटने के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। आरा मशीनों के संचालक और टिंबर मर्चेंटों के द्वारा खुले में क्विंटलों सूखी लकड़ियां स्टॉक में रखी हैं। सघन आबादी वाले क्षेत्रों में नियम कायदों को ताक पर रखकर संचालित की जा रहीं आरा मशीने बेरोकटोक चल रही हैं।

### मामला गंभीर है

मामला गंभीर, डीएफओ को भेजा जाएगा पत्र शहर की आबादी के बीच आरा मशीनों के आबादी के बीच लकड़ी का बड़ी मात्रा में स्टॉक संचालन गंभीर मुद्दा है। आमजनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएफओ को पत्र जारी कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा। इन आरा मशीनों की एनओसी रिन्युवल किस आधार पर अधिकारी कर रहे हैं।

**मनीष शर्मा**-एसडीएम रायसेन

# पिपरिया मार्ग पर धूल का बना रहता गुबार, लोग हो रहे बीमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बरेली पिपरिया मार्ग पर जिम्मेदारों की उदासीनता से स्थान स्थान पर अतिक्रमण नगर सीमा में बन रही कॉलोनी की मिट्टी सड़क पर फैली रहने के साथ नया गांव के पास टूटे मछवाई नाले के डायवर्सन मार्ग की 24 घंटे उड़ती धूल मिट्टी लोगों के बीमार होने का कारण बन रही है। बड़ी संख्या में वाहनों के आवागमन के दौरान धूल मिट्टी उड़ती है, उससे वाहनों का संतुलन भी बिगडने की घटनाएं हो रही है। पिपरिया मार्ग पर कईं स्थानों की पुल पुलिया कमजोर क्षतिग्रस्त है, जहां भारी वाहन प्रवेश निषेध का बोर्ड लगा देने के बाद रेत से भरे बजनी डंफर ट्रैक्टर ट्रालियों का 24 घंटे आवागमन हो रहा है।

पिछले वर्ष 2025 में 1 दिसंबर को पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कलां के पास मछवाई नाले का पुल ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा मरम्मत किए जाने के दौरान बीच से टूट कर गिर गया। जिसमें एक वाहन चालक देवेंद्र धाकड़ की मृत्यु हुई। पुल टूटने की जांच के लिए तीन सदस्यों की टीम गठित की गई। जिसे एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपना थी। घटना को लेकर एमपीआरडीसी के दो-तीन इंजीनियरों को निलंबित भी किया जा चुका है। परंतु घटना में हुई एक युवक की दर्दनाक मौत और पुल टूटने के लिए कौन जिम्मेदार और प्रकरण दर्ज करने जैसी प्रभावी कार्रवाई के प्रति जिम्मेदारों की उदासीनता चर्चाओं का विषय बनी हुई है।

### 24 घंटे उड़ती धूल हो रहा संक्रमण

जिस प्रकार नगर सीमा में निर्माणाधीन कॉलोनी की मिट्टी पिपरिया मार्ग पर फैली और 24 घंटे उड़ती धूल मिट्टी के कारण आंखों नाक श्वास के द्वारा धूल फेफड़ों में पहुंचकर संक्रमण होने सर्दी जुकाम खांसी का कारण बन रही है।

# बदल रहा मौसम, रात और सुबह ठंड दिन में तेज धूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

ऋतु परिवर्तन का मकर संक्रांति महापर्व हो जाने के बाद मौसम का मिजाज बदल रहा है रात और सुबह-सुबह जोरदार ठंड और दिन में तेज धूप के साथ तापमान बढ़ जाता है। रविवार को बदले मौसम आसमान में बादलों के छा जाने से दिनभर अजीब सा मौसम का मिजाज बना रहा।

### बदल रहा मौसम दलहन फसलों पर संकट

जिस प्रकार बार-बार कभी गरम कभी नरम मौसम होकर बदल रहा है



उसका सीधा असर फसलों पर पढ़ रहा है। माहू रोग बढने के साथ दलहन की फसलों पर इल्ली का प्रकोप भी शुरू हो गया है। किसानों द्वारा महंगे कीटनाशक का फसलों पर छिडक़ाव कर सुरक्षा के प्रयासों में हजारों रुपए कीटनाशक दवाओं पर खर्च किए जा रहे हैं।

# संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद ने किया डोर टू डोर नागरिकों से सम्पर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

नगर परिषद गैरतगंज ने संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद क्षेत्र के सभी पंद्रह वार्डों में डोर टू डोर जाकर सम्पर्क किया।

नपा सीएमओ सुधीर उपाध्याय की सक्रियता से नागरिकों में बनी चर्चा का विषय। शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन को पारदर्शी,प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सीएमओ श्री उपाध्याय ने नगर परिषद के अमले के साथ डोर टू डोर सम्पर्क किया । वार्ड वासियों की समस्याएं सुनी और त्वरित निराकरण कर उनकी



समस्याओं का समाधान किया।नपा सीएमओ ने बताया कि घर घर जाकर सम्पर्क कर लोगो के आवेदन लिए । ताकि पात्र हितग्राहियों तक शासन की जन हितैषी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।।

नगर परिषद का अमला कर रहा है जनता से सीधा संवादः नगर परिषद सीएमओ के मार्गदर्शन में नगर परिषद के पार्षद एवं कर्मचारी घर घर जाकर जनता से सीधा संवाद कर रहा है । इस दौरान लोगों से आवेदन लेकर उन्हें योजनाओं का फायदा दिया जा रहा है।

# अंकित राय राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के युवा नेता सामाजिक धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले अंकित राय को राष्ट्रीय गौ सेवा संघ का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से गौ सेवकों श्रद्धालुओं में हर्ष बना हुआ है।

राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के भोपाल संभाग अध्यक्ष संजय जैन की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष पवन दुबे द्वारा अंकित राय को ब्लॉक अध्यक्ष बाड़ी बरेली के पद पर मनोनीत किया गया है।

राय की नियुक्ति करते हुए बरेली बाड़ी तहसीलों में गौ सेवा के



संगठनात्मक कार्यों को गति प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की है गौ सेवा संघ में ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर साथियों ने खुशियां जाहिर कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हु बधाई शुभकामनाएं दी हैं।

### 25 को होगी बजरंगदल की कबड्डी प्रतियोगिता

**सलामतपुर।** मंगलवार को हनुमान मार्केट मंदिर सलामतपुर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन किया गया था। कबडडी की खेल प्रतियोगिता को लेकर विहिप द्वारा तैयारियां जोर शोर से की जा रहीं हैं। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार हुई। जिसमें युवाओं के लिए प्रखंड स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता की भी योजना बनाई गई जो कि 25 तारीख को होगी। बैठक में जिला मंत्री बद्री प्रसाद पाराशर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में उपस्थित गोपाल राठौर, सुमेर सिंह, अनूप अग्रवाल, चंदन यादव, प्रखंड अध्यक्ष पंडित देवेंद्र शर्मा, प्रहलाद प्रजापति, निर्भय विश्वकर्मा, अभय पाराशर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर अभियान तेज, उपभोक्ताओं को मिलेंगी आधुनिक बिजली सेवाएं

## घरेलू, व्यवसायिक व औद्योगिक परिसरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ना, पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था उपलब्ध कराना तथा बिजली से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के साथ-साथ कंपनी के तकनीकी कर्मचारी उपभोक्ताओं को इससे जुड़ी सुविधाओं की जानकारी भी दे रहे हैं, ताकि लोग इसके लाभों को भली-भांति समझ सकें और उनके मन में बनी भ्रांतियां



दूर हो सकें।

बिजली कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में कुल 3922 विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ता हैं। इनमें 3026 घरेलू, 727 व्यवसायिक तथा 169 औद्योगिक एवं कृषि उपभोक्ता शामिल हैं। इन सभी उपभोक्ताओं के परिसरों में चरणबद्ध तरीके से पुराने पारंपरिक मीटर हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। यह कार्य बिजली कंपनी के प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है, जो उपभोक्ताओं को मीटर की कार्यप्रणाली भी समझा रहे हैं। परिसर में लगे स्मार्ट की सुविधा पाने वाले उपभोक्ता राकेश नेमा का कहना है कि स्मार्ट मीटर से खपत का पता चलने के साथ उपयोग की गई बिजली का मासिक बिल प्राप्त हो रहा है। अब तक सभी श्रेणियों के 500 से अधिक उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

# बसंत पंचमी पर पीली चादर ओढ़े खेत, सरसों के फूलों से महका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा सहित ग्रामीण अंचलों में 23 जनवरी को बसंत पंचमी मनाई जाएगी। ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह कई कार्यक्रम होंगे।

बसंत पंचमी के आगमन के साथ ही ग्रामीण अंचलों में प्रकृति ने मानो उत्सव का श्रृंगार कर लिया है। खेतों में लहलहाते सरसों के पीले फूल दूर-दूर तक फैली सुनहरी चादर जैसे दिखाई दे रहे हैं। ठंडी हवाओं के बीच खिली सरसों न केवल किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला रही है, बल्कि पूरे इलाके को प्राकृतिक सौंदर्य से भर रही है।

जैसे ही बसंत आया, खेतों में सरसों पूरी तरह खिल उठी। पीले फूलों की खुशबू और मधुमक्खियों की गुनगुनाहट से गांवों का माहौल खुशनुमा हो गया है। निवास मीणा, दिगपाल नायक, महेंद्र नारायण आदि किसानों का कहना है कि इस बार मौसम अनुकूल रहने से फसल अच्छी होने की उम्मीद है।

# साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के विषय में छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पीएम श्री शास कन्या उ. मा .वि . में एक्सपर्ट टाक कार्यक्रम अन्तर्गत टी आई कपिल गुप्ता एवं एस आई राम प्रसाद गोहे ने छात्राओं को साईबर सुरक्षा एवं यातायात के नियमों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। अपने उद्बोधन में टी आई कपिल गुप्ता ने छात्राओं से कहा कि वे 18 वर्ष से कम आयु होने पर 80 सीसी से अधिक क्षमता के वाहन न चलाएं।

वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य ही करें। अपने परिवार के सदस्यों को भी हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। कार चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य लगाएं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित चतुर्वेदी, अंकित सक्सेना, हितेश याज्ञिक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### सावधानी जरूरी

आजकल बढ़ रहे साइबर अपराधों के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा कि कभी भी अनचाहे काल को न उठाए। अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए मेसेज या लिंक न खोलें।अनजाने व्यक्ति को ओ टी पी न दें। अपने मोबाइल का पासवर्ड अपने पालकों को अवश्य बताएं। इस अवसर पर छात्राओं ने भी बहुत से प्रश्न पूछे जिनका समाधान अतिथियों ने किया। प्राचार्य यू एस अहिरवार ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम प्रभारी संतोष गौतम एवं राम कुमार ठाकुर ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

## हेडकांस्टेबल पर अभद्रता का आरोप, पुलिस बोली नर्सें छलकाती हैं जाम

# जिला अस्पताल में हंगामा, नर्सों ने पुलिस चौकी में जड़े ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला अस्पताल परिसर में उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब ड्यूटी पर तैनात नर्सों ने अस्पताल स्थित पुलिस चौकी में ताले जड़ दिए। नर्सों ने चौकी में पदस्थ हेड कांस्टेबल पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया।

नर्सों का कहना है कि हेड कांस्टेबल अक्सर ड्यूटी के दौरान उनसे अभद्रता करता है और बेवजह दबाव बनाता है। कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आक्रोशित होकर नर्सों ने यह कदम उठाया। नर्सों ने मांग की है कि आरोपी हेड कांस्टेबल को तत्काल हटाया जाए और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

पुलिस कर्मियों ने इन आरोपों को

### नर्सों की मांग-आरोपी हेड कांस्टेबल को तत्काल हटाया जाए




बेबुनियाद बताते हुए पलटवार किया है, पुलिस कर्मियों ने नर्सों पर डयूटी टाइम शराब के जाम छलकाने के आरोप लगाए हैं और इसी को लेकर आपत्ति जताने पर विवाद हुआ है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाने की बात कही है।

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाइश दी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन जिला अस्पताल में कामकाज कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और कहा है कि जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल जिला अस्पताल में यह मामला गंभीर चर्चा का विषय बना हुआ है और सभी की नजरें जांच रिपोर्ट पर टिकी हई हैं।

### सुलह करवा दी है

दोनों पक्षों में करवा दी सुलह दोपहर बाद दोनों पक्षों को जिला अस्पताल में बुलाकर समझाइश देकर सुलह करवा दी। दोनों पक्ष ने एक दूसरे की गलती भी मान ली है।

**डॉ यशपाल सिंह बाल्यान**- सिविल सर्जन जिला अस्पताल

# पीएमआवास योजना के तहत बनाए जा रहे मकानों की किस्त रुकी

## क्षेत्र में कई ग्रामीणों के मकान हैं अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा सहित क्षेत्र मे इस साल सबसे ज्यादा ग्रामीणों के आवास स्वीकृत हुए हैं। कई ग्रामीणों को पहली, दूसरी तो कई ग्रामीणों को तीसरी किस्त मिल चुकी है। कई ग्रामीणों के मकान में काम चल रहा था लेकिन कई ग्रामीणों की किस्त नहीं आने से मकान अधूरे पड़े हुए हैं।

जिन ग्रामीणों के मकान पीएम योजना के तहत स्वीकृत हुए है उन्होंने बताया है कि किस्त ना आने के कारण हमारे मकान नहीं बन पा रहे हैं। कई मकानों के छतों में सेटिंग ठुकी है तो कई मकानों के बीम कालम भर चुके हैं। तो कई की

### ग्राम पंचायत दीवानगंज में 48, ग्राम पंचायत अंबाडी में 150, ग्राम पंचायत सेमरा में 41 मकान स्वीकृत हुए थे



दीवार उठ चुकी है। किस्त नहीं आने से पीएम योजना के तहत मकान नहीं बन पा रहे हैं।

जबकि अंबाड निवासी दिनेश कुमार, मनोज मालवीय, प्रीतम शहरिया, राजू शहरिया, ने बताया कि किस्त नहीं आने से काम अधूरा पड़ा हुआ है। अंबाडी के कई ग्रामीणों की किस्त नहीं आई है जिससे मकान अधूरे हैं। सेमरा पंचायत का भी यही हाल है। सेमरा पंचायत में जिन लोगों के पीएम आवास योजना के तहत मकान सुकृत हुए थे उनके भी अभी तक अधूरे पड़े हुए।